



एक नजर में

## मप्र सेंट्रल बैंक सेवानिवृत्त संगठन की साधारण सभा




**इंदौर .** मप्र सेन्ट्रल बैंक सेवा निवृत्त कर्मचारी संगठन की 10वीं त्रि वार्षिक साधारण सभा जाल सभागृह में संपन्न हुई . पूरे प्रदेश से लगभग 275 से अधिक सेवा निवृत्त वरिष्ठ कर्मचारी उपस्थित थे . आखिल भारतीय संगठन के अध्यक्ष एस एम देशपांडे, महामंत्री एससी जैन मुख्य अतिथि थे . विशेष अतिथि के रूप में आरके सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, उप क्षेत्रीय प्रबंधक प्रबोध जैन उपस्थित रहे . सभी ने अपने उद्बोधन में सेवा निवृत्त परिवार जन को सम सामयिक मार्गदर्शन प्रदान किया . सेवा निवृत्त कर्मचारी की पेंशन अपडेशन की आवश्यक जानकारी प्रदान की गई . सर्वानुमति से नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ . सीएस परमार चेयरमैन, मोहन सिंह चौहान उप चेयरमन, शाम कस्तुरे अध्यक्ष, किशोर धर्माधिकारी महासचिव के पद पर सर्वानुमति से चुने गए . इस अवसर पर संगठन स्मारिका का विमोचन किया गया . दीपक गंगराड़े ने संचालन किया .

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने होंडा से साझेदारी की

**मुंबई .** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग पूरे भारत में होंडा टू-व्हीलर्स खरीदने के लिए ग्राहकों को किफायती और सुविधाजनक फाइनेंसिंग विकल्प देगा . एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ साझेदारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की देश भर में मोबिलिटी फाइनेंस का विस्तार करने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है . होंडा भारत में सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित टू-व्हीलर ब्रांड्स में से एक है, और यह सहयोग लाखों ग्राहकों को उच्च-गुणवत्ता वाली मोबिलिटी तक आसान पहुंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को मज़बूत करता है . जैसे-जैसे हम एक यूनिवर्सल बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, ऐसी साझेदारियाँ हमारी राष्ट्रीय वितरण शक्ति, ग्राहक-केंद्रित फिलॉसफी और बड़े पैमाने पर पारदर्शी और नवीन वित्तीय समाधान प्रदान करने की हमारी क्षमता को मज़बूत करती हैं .

## एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज़ कर रहा वापसी

**इंदौर .** एशियन पेंट्स अपने लोकप्रिय होम डेकॉर और स्टोरीटेलिंग सीरीज़, एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज़ के 9वें सीज़न के साथ वापसी कर रही है। इस सीज़न में भारत की मशहूर हस्तियों के पांच घरों को दिखाया जाएगा, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा-ज़हीर इकबाल, गौतम गंभीर, कीर्ति सुरेश-एंटनी थट्टिल, अर्चना पूरन सिंह-परमीत सेठी, और अमन व प्रिया गुप्ता शामिल हैं . हालांकि हर घर स्टाइल, बनावट और पर्सनैलिटी में अलग होता है, लेकिन हर घर में प्यार, सच्चाई और भावनात्मक लगाव ज़रूर देखने को मिलता है . लॉन्च पर एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगल ने कहा, एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज के नौवें सीज़न के साथ, हमें उस यात्रा को जारी रखने पर गर्व है जिसके लिए एशियन पेंट्स दशकों से प्रतिबद्ध है . इससे लोगों को अलग नज़रिए से देखने में मदद मिलेगी . लोग समझ पाएंगे कि हम भारतीयों को अपने घरों को सिर्फ़ रहने की एक जगह के रूप में नहीं, बल्कि हमारे व्यक्तित्व की छवि के रूप में देखना चाहिए . 1 बिलियन से अधिक व्यूज़, जो लगातार बढ़ रहे हैं, के साथ एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज भारत का सबसे पसंदीदा और देखा जाने वाला होम डेकोर शो बना हुआ है .

## क्लासिक लीजेंड्स ने ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया

**इंदौर .** क्लासिक लीजेंड्स ने तकनीकी क्षमता को मजबूत करने और सेवा उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए इंदौर स्थित पीथमपुर प्लांट में एडवांस्ड नेशनल ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया है . यह नया केंद्र भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं को विकसित करने और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के प्रति कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है . क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा जैसे-जैसे हमारे ब्रांड्स का विस्तार हो रहा है, हमारे सर्विस कैपेबिलिटी इकोसिस्टम को मजबूत करना बेहद जरूरी हो जाता है . एडवांस्ड नेशनल ट्रेनिंग सेंटर लोगों, कौशल और इंफ्रास्ट्रक्चर में एक रणनीतिक निवेश है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार तकनीशियनों का निर्माण करना और हमारे नेटवर्क में सेवा उत्कृष्टता को मानकीकृत करना है . यह केंद्र यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि हर जावा, येज़दी और बीएसए राइडर को एक समान और उच्च गुणवत्ता का ओनरशिप अनुभव मिले .

## हंगामा ओटीटी पर हसरतें सीजन 3 के साथ लौटी

**इंदौर .** भारत के प्रमुख डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म में से एक हंगामा ओटीटी ने हसरतें सीजन 3 के लॉन्च की घोषणा की है . यह इसकी बेहद पसंद की जाने वाली एंथोलॉजी का अगला अध्याय है, जो महिलाओं की भीतरी दुनिया, अनकही इच्छाओं और शांत विद्रोह को लगातार सामने लाता रहा है . पहले दो सीजन की शानदार सफलता के बाद, यह सीजन और ऊंचा स्तर तय करता है . इसमें दमघोंटू शादियां, सख्त परंपराएं, राजनीतिक इस्तेमाल और भावनात्मक उपेक्षा से गढ़ी गई जिंदगियों की परतें खोली गई हैं . सीजन 3 में यह शो छह दमदार एपिसोड लेकर आया है, जिनमें थ्रिलर, क्राइम और ड्रामा के तत्व शामिल हैं। हर कहानी साहसी, निजी और पूरी तरह मानवीय है। हसरतें सीजन 3 के पहले दो एपिसोड 22 जनवरी को रिलीज हुए, इसके बाद 27 जनवरी को दो एपिसोड आए और अंतिम दो एपिसोड 4 फरवरी को रिलीज किए गए . हसरतें सीजन 3 छह मजबूत कहानियों के जरिए उन महिलाओं की यात्रा दिखाता है, जो चुप्पी, संघर्ष और आत्मबोध के बीच रास्ता तलाश रही हैं।

# भाजपा सरकार के विकास संकल्प को मिला साकार रूप

▸ कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया 25 करोड़ 91 लाख से बनने वाली दो सड़कों का भूमिपूजन



**आलीराजपुर।** विकसित भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत के लिए विकसित ग्राम और आत्मनिर्भर ग्राम होना जरूरी है। ग्राम को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं होना अनिवार्य है। ओर हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुझे साफ साफ कहा है कि आलीराजपुर जिले के हर ग्रामीण क्षेत्र को विकसित और आत्मनिर्भर करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी आप काम बताओ मैं हमारी भाजपा सरकार उस काम को पूरा करवाएंगी। यह बात आज जिले में भाजपा सरकार के विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान द्वारा गुरुवार को 25 करोड़ 91 लाख 89 हजार लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि विकासखंड आलीराजपुर के अंतर्गत ग्राम बड़दला क्यारा फलिया से ग्राम खबड़ी तक 7.70 किलोमीटर लंबी सड़क का भूमिपूजन किया गया, जिसकी कुल लागत ?12 करोड़ 62 लाख 76 हजार है। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग के रूप में कार्य करेगी।

वहीं विकासखंड सोंडवा के अंतर्गत ग्राम फड़तला मिडिल स्कूल से थोड़ सिंधी होते हुए नेवा माता मंदिर (फड़तला) तक 9.50 किलोमीटर लंबी सड़क का भूमिपूजन किया गया, जिस पर 13 करोड़ 29 लाख 13 हजार की लागत आएगी। यह दोनों मार्ग धार्मिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा ग्रामों के सर्वांगीण विकास को नई गति प्राप्त होगी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं होतीं, बल्कि ये शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करती हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्राम आत्मनिर्भर बनेंगे, स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंच मिलेगी तथा ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर गांव, गरीब और किसान के हित में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सड़क स्वीकृति एवं भूमिपूजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार एवं कैबिनेट मंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंदरसिंह चौहान, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश सस्तिया, आजाद नगर मंडल अध्यक्ष नारायण अरोड़ा, वरिष्ठ नेता मांगीलाल रावत सहित कई सरपंच, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# किसी न किसी घोटाले में रहने वाले पेटलावद महाविद्यालय में पुन : नियमों की उड़ी धज्जिया

### शासकीय महावीर महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य कपिला की मनमानी से योग्य अभ्यर्थी को किया जा रहा पद पर जॉइनिग से वंचित

**पेटलावद -** एक तरफ सरकार के द्वारा प्राइवेट कम्पनीयो के माध्यम से रोजगार हेतु जगह जगह शिविर लगाकर युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रेरित किया जा रहा और रोजगार प्रदान भी किया जा रहा है , ऐसा ही एक मामला शासकीय महावीर महाविद्यालय पेटलावद में सामने आया जिसमे पूर्व में एक कंपनी क्यरोस सॉफ्ट टेक लिमिटेड कम्पनी तथा सेडमैप ?म पी के माध्यम से आउटसोर्सिंग मेनपावर प्रदान करते हुए युवाओ से आवेदन प्राप्त करके विधिवत उनका सिलेक्शन कर उन्हें महाविद्यालय में विभिन्न पदों पर कुल आठ योग्य अभ्यर्थी को जोइनिंग लेटर जारी किया , वही




दूसरी ओर शासकीय महावीर महाविद्यालय पेटलावद प्राचार्य की हठधर्मिता के कारण उन युवाओ जानबूझ कर या किसी व्यक्तिगत उद्देश्य की पूर्ति के लिए रोजगार से वंचित किया जा रहा है और डबल इंजन सरकार के नियमो की अनदेखी कर उन्हें परेशान किया जा रहा है , इसी सम्बन्ध में अभ्यर्थी अपना जोइंनिंग लेटर लेकर शासकीय महावीर महाविद्यालय पेटलावद पहुंचे तो उन्हें देखकर प्रभारी प्राचार्य भड़क उठी और आवेदन लेने से इंकार कर दिया आखिर किस कारण से युवाओ के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है ,इस सम्बन्ध में जानकारी मिलने पर हमारे द्वारा प्राचार्य से इस सम्बन्ध में चर्चा करनी चाही तो प्राचार्य कैमरे को देखते ही अपना केबिन छोड़ कर चले गए ,

**▸ नियमों की अनदेखी कर परेशान किया जा रहा है**

जब थोड़े देर उनके जवाब का इंतज़ार कर वापस कार्यालय पहुंचे तो प्रचार्य साहिबा अपनी कुर्सी पर बैठे पाए गए हमारे द्वारा आवेदन नहीं स्वीकार करने को लेकर सवाल किया तब प्रिंसिपल साहिबा कपिला बाफना द्वारा कहा गया की हमारे पास आवेदन रख दो इसकी प्राप्ति नहीं दूंगी ओर आवक-जावक में दर्ज भी नहीं करुँगी इसके लिए आपको जहा चाहे मेरी शिकायत कर दो में किसी से नहीं डरती ,पूर्व में भी जनभागीदारी से लाखों-करोड़ों रूपये के भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे उसमे अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा जाँच कर सत्य पाया था की गबन हुआ है उनके द्वारा उच्च अधिकारी को इस संबंध में जानकारी भेजी गई थी जिसकी भी उचित कार्यवाही आज तक नहीं होना भी संदेह उत्पन्न करता है क्या ऐसे ही छात्र- छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ होता रहेगा।

## गोसेवा से परिवार में रहती है शांति

**इंदौर. अग्रवाल वैश्य कपल संघ एवं मारुति नंदन बालाजी सेवा संस्थान के सदस्यों ने खुड़ैल के पास उज्जैनी गांव में बनी गौशाला में संयुक्त रूप से गौसेवा की.**

इस मौके पर संस्था अध्यक्ष तथा समाजसेवी रामबाबू अग्रवाल ने कहा कि सभी तरह की सेवाओं में गौ सेवा सर्वोत्तम है. कहा जाता है कि गाय माता में 4 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है और यदि गाय को प्रसन्न कर लिया जाए तो सभी देवता प्रसन्न हो जाते हैं. गौ सेवा से जहां परिवार में सुख शांति आती है। वहीं मां लक्ष्मी की कृपा भी भरपूर मात्रा में मिलती है. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सभी सदस्यों ने ग्रामीण वेशभूषा के साथ ग्रामीण वातावरण का आनंद लिया.

# कांग्रेस के सभी प्रवक्ता कार्यमुक्त

▸ टेलेंट हंट के जरिए चुनेंगे प्रवक्ता

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज कांग्रेस ने सभी प्रवक्ताओं को कार्य मुक्त कर दिया है. यह निर्णय प्रदेश प्रभारी महासचिव और अध्यक्ष ने लिया है. कांग्रेस में नए प्रवक्ता डेढ़ महीने की टेलेंट हंट प्रक्रिया से चुने जाएंगे.**

प्रदेश कांग्रेस का उक्त निर्णय अचंभित करने वाला है, क्योंकि इस समय सभी प्रवक्ता अलग अलग मुद्दों पर विभिन्न प्लेटफार्म पर जमकर विरोध दर्ज कराकर कांग्रेस का पक्ष रख रहे हैं.

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष ने आज पार्टी के सभी प्रवक्ताओं को कार्यमुक्त कर दिया है। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि 5 फरवरी से कांग्रेस में टेलेंट हंट प्रक्रिया के जरिए जिला, संभाग, क्षेत्रीय, प्रदेश और राष्ट्रीय प्रवक्ताओं का चयन किया जाएगा। उक्त टेलेंट हंट प्रक्रिया 20 मार्च तक चलेगी. कांग्रेस में टेलेंट हंट प्रक्रिया में शहर, संभाग, प्रदेश के मुद्दों और विशेषज्ञता पर चयन किया जाएगा. पार्टी जिला, क्षेत्र, प्रदेश के जनहित के मुद्दों की जानकारी के आधार पर नए प्रवक्ताओं की नियुक्ति करेगी. कांग्रेस का अचानक सभी प्रवक्ताओं खासकर इंदौर जैसे शहर में जहा कांग्रेस भागीरथपुरा कांड और अन्य मुद्दों को लेकर बेहद आक्रमक और उत्साहित है. उक्त विरोध प्रदर्शन और अभियान ऐसे निर्णय से झटका लगना तय है. प्रदेश कांग्रेस ने प्रवक्ताओं को कार्यमुक्त करने का निर्णय तब लिया है, जब संसद में भागीरथपुरा दूषित पानी का मामला उठाया जा चुका है.

# असामयिक वर्षा से प्रभावित हुई फसल का अवलोकन

▸ राजस्व, कृषि, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधी द्वारा संयुक्त रूप से अवलोकन किया गया



**पेटलावद.** उप संचालक कृषि विभाग ने बताया कि बीते दिनों हुई असामयिक वर्षा से पेटलावद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों मे रबी मौसम की फसले प्रभावित होने की सुचना प्राप्त होते ही कलेक्टर नेहा मीना द्वारा प्रदत्त निर्देश के पालन में जिलास्तर से उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला झाबुआ श्री एन.एस. रावत, सहायक संचालक उद्यानिकी बहादुर सिंह चौहान, सहायक संचालक कृषि एस.एस. रावत, फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधी रूपाल शुक्ला तथा पेटलावद विकासखण्ड के तहसीलदार अनिल बघेल, नायब तहसीलदार विजेन्द्र कटारे इत्यादि के द्वारा संयुक्त रूप से प्रभावित फसल का अवलोकन किया गया।उप संचालक कृषि विभाग ने बताया कि विकासखण्ड पेटलावद के ग्राम बोलासा का भ्रमण कर कृषक देवीलाल पिता कालुराम, हेमराज पिता कालुराम, मनोहरलाल पिता किशनलाल, रामेश्वर पिता नाथू कलजी पिता कलिया, लालजी पिता गलिया, मोतीलाल पिता किशन, गेन्दालाल पिता प्रेमचंद, जगदीश पिता भीमाजी, आशाराम पिता भीमाजी, महेश पिता भीमाजी, लक्ष्मण पिता भीमाजी, रामजी पिता भीमाजी ग्राम कानाकुआ के कृषक नरेन्द्रदास बैरागी, मांगीलाल पिता मोतीलाल व ग्राम गरवाखेडी के कृषक भंवरलाल पिता पुंजाजी पटेल तथा बनी के कृषक राधेश्याम पिता डुंगाजी के खेतों में गेहू की खडी फसल जो तेज हवा व ओलावृष्टि से कही कही, पेचेस में प्रभावित देखी गई। उप संचालक कृषि विभाग ने बताया कि फसल अवलोकन के दौरान मौके पर उपस्थित कृषकगणों को बताया गया है कि गठित सर्वे दल द्वारा प्रभावित फसलो का निरंतर सर्वे कार्य प्रचलित है। प्रभावित फसलो का सर्वे कार्य पुर्ण होने के उपरांत ही प्रभावित फसल क्षति के आंकलन के आधार पर आगामी कार्यवाही संभावित है।

इस दौरान पटवारी मनोहर डावर, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एम.एस.मुवेल एवं मैदानी कृषि विस्तार अधिकारी श्री तारसिंह मुणिया, अमरसिंह हटीला, बलवन्त मावी, छगन भाबर, प्रकाश देवल भी उपस्थित रहे।

# घने कोहरे से इंदौर एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित, दो फ्लाइट्स डायवर्ट




**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण इंदौर एयरपोर्ट पर हवाई यातायात प्रभावित रहा. दृश्यता घटकर 600 मीटर तक पहुंचने से इंदौर आने वाले दो यात्री विमान यहां लैंड नहीं कर पाए और उन्हें क्रमश: अहमदाबाद और राजकोट भेजा गया. इसके कारण यात्रियों को संबंधित शहरों में ही इंतजार करना पड़ा.एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार इंडिगो एयरलाइंस की मुंबई से सुबह 7.45 बजे इंदौर आने वाली और 8.15 बजे वापस मुंबई जाने वाली फ्लाइट तय समय पर एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन रनवे पर दृश्यता कम होने के कारण पायलट ने लैंडिंग का प्रयास नहीं किया, विमान को राजकोट डायवर्ट कर दिया. इसी तरह मुंबई से सुबह 9.05 बजे इंदौर आकर 9.35 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट भी तय समय पर एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन घने कोहरे के कारण इसे अहमदाबाद भेजा गया.

एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार होने के बाद दोनों डायवर्ट की गई उड़ानों को इंदौर वापस लाने की प्रक्रिया की गई. यात्रियों को संबंधित एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने के निर्देश दिए गए. इसके अलावा गोवा में खराब मौसम के कारण पुणेइंदौरगोवा रूट की फ्लाइट निरस्त कर दी गई. इन उड़ानों के डायवर्ट और निरस्तीकरण से यात्रियों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में असुविधा का सामना करना पड़ा.

# मप्र के शौर्यांश और क्रियांश ने राष्ट्रीय ननचाकू चैंपियनशिप में लहराया परचम

**इंदौर. कानपूर में आयोजित राष्ट्रीय ननचाकू चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश इंदौर के बच्चो ने अपने राज्य का परचम लहराया. पारसमल जैन के पोते, सुमन सेठिया के नाती शौर्यांश जैन ने फाइट, काता एवं फ्रीस्टाइल में पूरे देश से आये प्रतिभागियों से जीतकर तीनो प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल की जीत हासिल की और तीन गोल्ड मैडल जीतकर पहले स्थान पर रहे.**



तेजकुमार तांतेड़ के पोते क्रियांश तांतेड़ ने फाइट में में गोल्ड एवं काता में सिल्वर मैडल के साथ जीत हासिल की. इस चैंपियनशिप में अन्य राज्यों महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखण्ड, वेस्ट बंगाल, उत्तराखंड, हरयाणा, दिल्ली से 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. समाज के गणमान्य सदस्यों ने दोनों बच्चों की जीत पर समाज की तरफ से हर्ष और बधाई दी. स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर बच्चो को प्रोत्साहन दिया गया एवं आगे भी इसी तरह प्रदेश का नाम उच्चा रखने की बधाई दी. बच्चों को जीत पर पियूष दिव्या जैन और मयंक मोना तांतेड़ ने भी हर्ष व्यक्त किया.

एक नजर में ▸ नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में अभिभावकों की भूमिका पर परिचर्चा

# साथ चलेंगे, साथ सीखेंगे और मिलकर बच्चों का भविष्य बनाएंगे

**इन्दौर.** नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों एवं अभिभावकों की सांझी जिम्मेदारी है जिसमें ज्ञान और कौशल के अतिरिक्त बाल व्यक्तित्व के नैसर्गिक एवं भावनात्मक पहलुओं का विकास महत्वपूर्ण है. अभिभावक सीखने- बढ़ने की प्रक्रिया के उत्प्रेरक बनें. हमें शिक्षकों एवं अभिभावकों की सहभागिता के साथ बच्चों का भविष्य का निर्माण करना है. साथ चलेंगे, साथ सीखेंगे और मिलकर बच्चों का भविष्य निर्माण करेंगे, यही नई शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण संदेश है.



उक्त विचार विभिन्न वक्ताओं ने डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में 'नई शिक्षा नीति में अभिभावकों की भूमिका' पर आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किए. मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिक्षाविद् चोइथराम स्कूल के डायरेक्टर राजेश अवस्थी ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों की मानवीय संवेदनाओं और नैतिक-भावनात्मक पक्षों को सशक्त बनाने का प्रयास करती है. विद्यार्थियों को व्यक्तिगत क्षमता के विकास साथ मानवीय एवं सामाजिक मूल्यों, संवेदनाओं को समझने और उसके माध्यम से श्रेष्ठ नागरिक बनाने की राह प्रशस्त करती है. नई शिक्षा नीति इस ओर भी ध्यान देती है कि स्कूलों और अभिभावकों के बीच अधिकाधिक परस्पर संवाद हो जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद मिले, इसके लिए स्कूलों में होने वाली पालक- शिक्षक बैठकों को सोद्देश्य एवं सार्थक बनाने के मिलकर प्रयास करने की जरूरत है. नई शिक्षा नीति में किताबी ज्ञान की अपेक्षा व्यवहारिक शिक्षा को ज्यादा महत्व दिया गया है. इसे अभिभावकों को भी समझना होगा एवं सहयोग करने की जरूरत है.

**▸ ये भी रहे उपस्थित**

कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त संचालक शिक्षा इंदौर संभाग अनीता चौहान ने की . प्रारंभ में संयुक्त संचालक शिक्षा अनीता चौहान, डेवलपमेंट फाउंडेशन के ट्रस्टी आलोक खरें, मनोहर देव, रामेश्वर गुप्ता, राजेंद्र जैन आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की अतिथियों का स्वागत रंजना नाईक, रेणु गुप्ता, अमित सर, ऋचा चतुर्वेदी ने किया . डेवलपमेंट फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी प्रो असद खान ने दी . कार्यक्रम मे शफी शेख, भानु कुमार जैन, आभा जौहरी, प्रणिता दीक्षित, अशोक मित्तल ,दिलीप कनाडे ,जानकी लाल पटेरिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक तथा अभिभावक उपस्थित थे . संचालन कंचन तारे ने किया . श्याम पांडे ने आभार व्यक्त किया।